राष्ट्रीय सेवा योजना

पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर (छ.ग.)

**Accredited "A" Grade by NAAC**

# वार्षिक प्रतिवेदन

2022—2023



युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत स्वामी विवेकानंद जी को प्रणेता मानकर 02 अक्टूबर 1969 गांधी जंयती के अवसर पर भारत सरकार द्वारा युवाओं को समाज के प्रति संवदेना जागृत करने एवं सेवा कार्य के माध्यम से व्यक्तित्व विकास के लिए यह योजना प्रारंभ की गई । इस योजना का महत्वपूर्ण उद्देश्य युवाओं को ग्रामीण व्यवस्था के प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त हो एवं उनमें मानवीय दृष्टिकोण का विकास हो।

तत्कालीन मध्यप्रदेश (1969) में डॉ हरि सिंह गौर विश्वविद्यालय सागर एवं पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर में इस योजना का शुभारंभ हुआ। 1969 से 1971 तक यह योजना विश्वविद्यालय इकाई के रूप में संचालित होती रही। 1971–72 से अपने अधिनस्थ महाविद्यालयों में इकाई प्रारंभ करने की अनुमति शासन से प्राप्त हुई । स्थापना वर्ष के प्रथम चरण में रायपुर जिले के 03 महाविद्यालयों में यह योजना प्रारंभ की गई हैं। जिसमें सर्वप्रथम शासकीय नागार्जुन विज्ञान महाविद्यालय रायपुर, दुर्गा महाविद्यालय रायपुर एवं शास. डी. के. महाविद्यालय बालौदाबाजार को अवसर प्राप्त हुआ। तत्पश्चात राष्ट्रीय सेवा योजना का सफर धीरे–धीरे विभिन्न संस्थाओं में प्रारंभ हुआ ।

| कं. | दशक | संस्थाओं की संख्या | छात्र संख्या आबंटन |
|---|---|---|---|
| 1 | 1969 To 1989 | 23 | 2674 |
| 2 | 1990 TO 2000 | 98 | 8250 |
| 3 | 2001 TO 2010 | 350 | 27075 |
| 4 | 2011 TO 2020 | 375 | 30650 |

वर्तमान में राष्ट्रीय सेवा योजना का कार्यक्षेत्र विष्वविद्यालय से संबद्ध 05 जिलों में संचालित है। जिसमें छात्र संख्या 18600, इकाई संख्या 216 है। राज्य के सबसे बड़े विश्वविद्यालय में संचालित यह योजना सफलता पूर्वक अपने स्वर्ण जंयती वर्ष को पूरा कर चुका हैं। राष्ट्रीय सेवा योजना को अग्रिम पंक्ति में रखने के लिए कार्यक्रम अधिकारियों, स्वयं सेवकों, जिला संगठकों एवं कार्यक्रम समन्वयकों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। साथ ही राज्य शासन एवं विश्वविद्यालय प्रशासन के अधिकारियों का भी महत्वपूर्ण सहयोग प्राप्त होता रहा हैं। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारियों एवं स्वयंसेवकों ने अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर, राष्ट्रीय स्तर, एवं राज्य स्तर पर पुरस्कार प्राप्त कर विश्वविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ को गौरान्वित किया है।

| | वार्षिक जानकारी | 01 अप्रैल 2022– 31 मार्च 2023 |
|---|---|---|
| | राज्य | छत्तीसगढ़ |
| | विश्वविद्यालय | पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर |
| | कार्यक्रम समन्वयक | डॉ. एल. एस. गजपाल |
| | प्रतिनियुक्ति तिथि | 05 दिसंबर 2022 |
| | रासेयो. प्रकोष्ठ कर्मचारी | 01+04 |
| | सलाहकार समिति बैठक की तिथि (सत्र 2022–23) | 26 अगस्त 2022 |
| | राज्य सरकार द्वारा आंबटित छात्र संख्या | 18600 |
| | वास्तविक पंजीयन | 20203 |
| | कुल इकाई संख्या | 216 |
| | कुल कार्यक्रम अधिकारी | 216 |
| | कुल प्रशिक्षित कार्यक्रम अधिकारी | 147 |
| | कुल अप्रशिक्षित कार्यक्रम अधिकारी | 69 |
| | गोद ग्रामों की संख्या | 176 |

# राष्ट्रीय सेवा योजना : सलाहकार समिति 2022–23

| क्र. | नाम | पद | समिति स्थिति |
|---|---|---|---|
| 1. | प्रो. केशरी लाल वर्मा जी | कुलपति | अध्यक्ष |
| 2. | सीता तिवारी | संभाग आयुक्त के प्रतिनिधि | सदस्य |
| 3. | डॉ. शैलेन्द्र कुमार पटेल | कुलसचिव | सदस्य |
| 4. | डॉ. समरेन्द्र सिंह | राज्य एन.एस.एस. अधिकारी | सदस्य |
| 5. | श्री ए. एस. कबीर | क्षेत्रीय निदेशक एन.एस.एस. भोपाल | सदस्य |
| 6. | प्रो. माया वर्मा | अध्यक्ष ग्रंथालय एवं सूचना विज्ञान विभाग | सदस्य |
| 7. | प्रो. ए. के. श्रीवास्तव | कुल–अनुशासक, अध्यक्ष प्रबंधन संस्थान | सदस्य |
| 8. | प्रो. राजीव चौधरी | अधिष्ठाता छात्र कल्याण | सदस्य |
| 9. | श्री अखिलेश्वर सिंह तंवर | वित्त नियत्रंक | सदस्य |
| 10. | डॉ. ए. आर. सी. जेम्स | प्राचार्य, शास पी. जी. महाविद्यालय, गरियाबंद | सदस्य |
| 11. | | प्राचार्य, शास. स्नात. महाविद्यालय बलौदाबाजार | सदस्य |
| 12. | डॉ. मालती तिवारी | जिला संगठक रा. से. यो. महासमुंद | सदस्य |
| 13. | डॉ. अमर सिंह साहू | जिला संगठक रा. से. यो. धमतरी | सदस्य |
| 14. | श्री सेमसुधीर बंडी | यूनीसेफ प्रतिनिधि छत्तीसगढ़ | सदस्य |
| 15. | श्रीमती नीलम सिंह | अध्यक्ष, सखी फाउन्डेशन रायपुर | सदस्य |
| 16. | श्री सत्येन्द्र साहू | वरिष्ठ स्वयंसेवक | सदस्य |
| 17. | श्री फलेन्द्र साहू | वरिष्ठ स्वयंसेवक | सदस्य |
| 18. | डॉ. नीता बाजपेयी | कार्यक्रम समन्वयक रा. से. यो. | सचिव |

# राष्ट्रीय सेवा योजना : पंजीयन

उच्च शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ शासन द्वारा सत्र् 2022–223 के लिये रासेयो प्रकोष्ठ पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर को आबंटित छात्र संख्या 18600 है।

## आंबटित छात्र संख्या एवं इकाई – 2022–23

| छात्र संख्या एवं इकाई | महाविद्यालय | विद्यालय | कुल योग |
|---|---|---|---|
| छात्र संख्या | 7750 | 10850 | 18600 |
| इकाई | 83 | 133 | 216 |

## वास्तविक पंजीयन 2022–23

| क्रं. | छात्र | सामान्य | अनु.जाति | अनु.जनजाति | अ.पि.व. | योग |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पुरुष | 4941 | 1459 | 2595 | 3101 | 12096 |
| 2 | महिला | 3425 | 960 | 1560 | 2162 | 8107 |
| 3 | स्वविित्तिय इकाई | 500 (M)<br>300 (F)<br>800 | | | | |
| | योग | 8366 | 2419 | 4155 | 5263 | 20203<br>800<br>21003 |




दिनांक 06.04.2022 को आयोजित स्वच्छता कार्यक्रम के अतंगर्त पंजीयन

# राष्ट्रीय सेवा योजना : गोदग्राम

राष्ट्रीय सेवा योजना की प्रमुख गतिविधि के रुप में गोदग्राम एक मुख्य घटक है। रा.से.यो. की इकाइयों द्वारा अपनी संस्था के करीब ग्राम या बस्ती को गोद लिया जाता है। इकाइयों का यह प्रयास होता है कि उनके द्वारा अधिकांश रासेयो के कार्यक्रमों का आयोजन गोदग्राम में हो और उसका लाभ ग्रामीणों को मिल सकें। इकाइयों द्वारा गोदग्राम में सात दिवसीय विशेष शिविर के साथ–साथ एक दिवसीय शिविर का आयोजन भी किया जाता है। विशेष शिविरों के माध्यम से स्वास्थ्य शिविर, जागरुकता शिविर एवं पशु शिविरों का आयोजन किया जाता है। साथ ही राज्य शासन एवं केन्द्र सरकार की योजनाओं का प्रचार प्रसार भी ग्रामीणों के बीच व्यापक पैमाने पर किया जाता हैं।

पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर से संबधित इकाइयों द्वारा भी गांव या बस्ती गोद लिये जाते है, जिनका विवरण जिलेवार निम्नांकित है :–

| क्रं. | जिला | कुल इकाई | गोदग्राम |
|---|---|---|---|
| 1. | रायपुर | 59 | 47 |
| 2. | बलौदाबाजार–भाटापारा | 31 | 20 |
| 3. | गरियाबंद | 24 | 15 |
| 4. | धमतरी | 51 | 45 |
| 5. | महासमुंद | 51 | 49 |
| | योग | 216 | 176 |



राष्ट्रीय सेवा योजना पर्यावरण सरंक्षण एवं सवंर्द्धन के कार्य को प्रमुखता के साथ सपांदित करता है। साथ ही पौधों के सरंक्षण का कार्य भी किया जाता हैं। समाज में पर्यावरण के प्रति जागरुकता हेतु अनेक कार्यक्रम किये जाते हैं।

विश्वविद्यालय से संबधित जिलेवार पौधारोपण की जानकारी निम्नांकित है :—

| क्रं. | जिला | ईमारती | फूलदार | फलदार | अन्य | योग |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | रायपुर | 612 | 1819 | 982 | 3101 | 6514 |
| 2 | बलौदाबाजार | 307 | 837 | 766 | 1259 | 3169 |
| 3 | गरियाबंद | 272 | 443 | 562 | 1212 | 2489 |
| 4 | धमतरी | 662 | 968 | 817 | 2237 | 4684 |
| 5 | महासमुंद | 954 | 1113 | 1261 | 2541 | 5869 |
| | योग | 2807 | 5180 | 4388 | 10350 | 22725 |



पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर के गोदग्राम गोमची में पौधा रोपण करते हुए स्वयंसेवक एवं कार्यक्रम समन्वयक डॉ. एल. एस. गजपाल।

राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों द्वारा प्रतिवर्ष समय–समय पर रक्तदान किया जाता है। रक्तदान रा.से.यो. के सामाजिक सरोकार को दर्शाता है। पांच जिलों के स्वयंसेवकों द्वारा वर्ष 2022–23 में 761 यूनिट ब्लड का दान किया गया है।

विश्वविद्यालय से संबधित जिलेवार रक्तदान की जानकारी निम्नांकित हैं :–

| क्रं. | जिला | रक्तदान | योग |
|---|---|---|---|
| 1 | रायपुर | 282 | 282 |
| 2 | बलौदाबाजार | 62 | 62 |
| 3 | गरियाबंद | 39 | 39 |
| 4 | धमतरी | 126 | 126 |
| 5 | महासमुंद | 252 | 252 |
| | योग | 761 | 761 |






17 सितम्बर 2022 को अध्ययनशाला इकाई रासेयो द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर में रक्तदान करते कार्यक्रम अधिकारी डॉ. कमलेश शुक्ला एवं स्वयंसेवक सुमीत पटेल

# राष्ट्रीय सेवा योजना : विशेष शिविर

राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय विशेष शिविर रासेयो का एक मुख्य घटक है। जिसके द्वारा गोद ग्रामों में विविध गतिविधियां संचालित की जाती है। सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन माह अक्टूबर 2022 से मार्च 2023 तक किया गया।

विश्वविद्यालय से संबधित जिलेवार सात दिवसीय विशेष शिविर जानकारी निम्नांकित हैं :–

| क्रं. | जिला | कुल इकाई | विशेष शिविर |
|---|---|---|---|
| 1 | रायपुर | 59 | 30 |
| 2 | बलौदाबाजार | 31 | 27 |
| 3 | गरियाबंद | 24 | 18 |
| 4 | धमतरी | 51 | 42 |
| 5 | महासमुंद | 51 | 40 |
| | योग | 216 | 157 |






स्वयंसेवकों द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर के दौरान नशा मुक्ति हेतु जागरूकता रैली निकाला गया।

राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा अनेक जागरुकता के कार्यक्रम भी आयोजित किए जाते है। जैसे एडस जागरुकता, पर्यावरण दिवस, रक्तदान दिवस, युवा दिवस, राष्ट्रीय एकता दिवस, पोषण आहार, टीकाकरण, मतदाता जागरूकता सहित विविध जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया जाता है।

विश्वविद्यालय से संबधित जिलेवार जागरुकता कार्यक्रम की जानकारी निम्नांकित हैं :—

| क्रं. | जिला | एडस दिवस | पोषण आहार | टीकाकरण | योग |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | रायपुर | 21 | 25 | 45 | 91 |
| 2 | बलौदाबाजार | 09 | 20 | 41 | 70 |
| 3 | गरियाबंद | 05 | 09 | 39 | 53 |
| 4 | धमतरी | 31 | 59 | 70 | 160 |
| 5 | महासमुंद | 32 | 78 | 90 | 200 |
| | योग | 98 | 191 | 285 | 574 |










रासेयो इकाईयों द्वारा आयोजित पोषण जागरुकता कार्यक्रम

# राष्ट्रीय सेवा योजना : स्वच्छता कार्यक्रम

राष्ट्रीय सेवा योजना पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर द्वारा शासकीय दु. ब. कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रायपुर में राज्य स्तरीय स्वच्छता महा अभियान पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में विभिन्न जिलों के 100 कार्यक्रम अधिकारियों सहित कुल 300 स्वयंसेवकों की उपस्थिती रही। कार्यक्रम में अलग–अलग सत्रों में राष्ट्रीय सेवा योजना की गतिविधियों को लेकर विचार–विर्मश किया गया। साथ ही भारत सरकार और राज्य सरकार से प्राप्त दिशा–निर्देशों को पूरा करने हेतु जागरूकता कार्यक्रम चलाए जाने की चर्चा हुई।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि – डॉ. केशरी लाल वर्मा जी कुलपति, पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर

कार्यक्रम की अध्यक्षता – श्री ए. एस. कबीर, क्षेत्रीय निदेशक रा.से.यो. भोपाल

विशेष अतिथि – डॉ. किरण गजपाल, प्राचार्य, शास. दु.ब. महिला महाविद्यालय, रायपुर

विशेष अतिथि – डॉ. शैलेन्द्र पटेल, कुलसचिव, पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर

डॉ. नीता बाजपेयी, कार्यक्रम समन्वयक रा. से. यो. पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर









राष्ट्रीय सेवा योजना पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर द्वारा आयोजित स्वच्छ अभियान :–

भारत सरकार युवा कार्यक्रम खेल मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा 1 अक्टूबर, 2022 से 31 अक्टूबर, 2022 तक स्वच्छता का महा अभियान का प्रारंभ किया। इसके अंतर्गत 2 अक्टूबर, 2022 को रायपुर नगर निगम के संयुक्त आयोजन में ऑक्सीजोन रायपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना के 200 से ज्यादा स्वयंसेवकों ने सफाई कर सिंगल युज प्लास्टिक का 500 किलो का कचरा लगभग इकट्ठा किया था। इसी तरह सभी संस्थ. ानों द्वारा अपने–अपने क्षेत्र में फीडम रन 3.0 और स्वच्छता का कार्यक्रम आयोजित कर रहे है। भारत सरकार के निर्देश पर दिनांक 19.10.2022 को राज्य स्तरीय स्वच्छता का महा अभियान पर कार्यक्रम आयोजित है। राष्ट्रीय सेवा योजना के 200 स्वयंसेवक प्रातः 07:00 बजे से जय स्तंभ चौक, मालवीय रोड, एम.जी. रोड में स्वच्छता अभियान चला। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से विश्वविद्यालय के सम्मानित कुलपति डॉ. केशरी लाल वर्मा जी, राष्ट्रीय सेवा योजना के क्षेत्रीय निदेशक श्री ए. एस. कबीर जी, रायपुर नगर निगम के आयुक्त श्री मंयक चतुर्वेदी जी (IAS) उपायुक्त श्री सुनील चन्द्रवंशी जी, कार्यक्रम समन्वय डॉ. नीता बाजपेयी, के साथ विभिन्न संस्थाओं के कार्यक्रम अधिकारी की उपस्थिती रही।











राष्ट्रीय सेवा योजना पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर द्वारा आयोजित सिकल सेल एनीमिया रोकथाम पर विष्वविद्यालय गोदग्राम में जागरूकता रैली आयोजित की गई जो कि निम्नानुसार है :–

1. पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर की राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत विश्वविद्यालय अध्ययन शाला इकाई 1 एवं इकाई 2 तथा आदर्श महाविद्यालय अटारी के संयुक्त तत्वाधान में ग्राम पंचायत गोमची एवं अटारी में सिकल सेल एनीमीया के रोकथाम हेतु जागरूकता अभियान चलाया गया। रैली एवं नुक्कड़–नाटक के माध्यम से लोगों को जागरूक किये साथ ही साथ स्वयंसेवकों ने पांच–पांच के समूह बनाकर घर–घर (करीबन 40 घर) जाकर सिकल सेल एनीमिया बिमारी से अवगत कराकर उनकों रोकथाम एवं उपाय के बारे में बतलाया। इस कार्यक्रम में ग्राम गोमची के सरपंच, पंच एवं ग्रामवासी, स्कुल शिक्षक एवं छात्र–छात्रा उपस्थित रहे। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम समन्वयक डॉ. एल.एस. गजपाल, पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर के मार्गदर्शन में तथा कार्यक्रम अधिकारी डॉ. कमलेश शुक्ला, डॉ. बंसो एवं श्री प्रदीप खरे के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ। जिसमें करीबन 70 स्वयंसेवकों नें अपनी सहभागिता प्रदान किए।

2. डीएवी पब्लिक स्कूल मुंगझर में राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्र–छात्रों के द्वारा गोद ग्राम मुंगझर में एनीमिया सिकल सेल का सर्वेक्षण किया गया। सर्वेक्षण में 50 से 55 ग्रामीणों से संपर्क किया गया जिसमें 2 ग्रामीणों के बच्चों को सिकल सेल समस्या पाया गया।

3. राष्ट्रीय सेवा योजना के जिला संगठक डॉ. ए.एस. साहू व एन.एस.एस. कार्यक्रम अधिकारी डॉ. गणेश प्रसाद साहू के मार्गदर्शन में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भोथली में सिकलसेल एनीमिया से बचाव एवं सुरक्षा से संबंधित जन जागरूकता रैली व डिटनेस टेस्ट कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय में किया गया।











पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर द्वारा लिए गये गोदग्रामों में औपचारिक शिक्षा या नियमित रोजगार में न रहने वाले 15 से 29 वर्ष के आयु वर्ग के 9000 युवाओं का सर्वेक्षण कार्य किया गया। इस सर्वेक्षण का मुख्य उद्‌देश्य गांवों में अशिक्षा, बेरोजगारी तथा विद्यालय छोड़ने के प्रमुख कारणों को ज्ञात करना तथा स्वरोजगार की दिशा में किए जा सकने वाले संभावित प्रयत्नों को ज्ञात करना रहा है।

सर्वेक्षण कार्य भारत सरकार, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के निर्देशानुसार किया गया।





**औपचारिक शिक्षा या नियमित रोजगार में नहीं रहने वाले युवाओं का सर्वेक्षण कार्य**

महासमुंद ट्रैक सीजी गौरव चंद्राकर*/शासकीय माता कर्मा कन्या महाविद्यालय महासमुंद के स्वयंसेवकों द्वारा जिला संगठन डॉक्टर मालती तिवारी के मार्गदर्शन एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ सरस्वती वर्मा के दिशा निर्देशन में औपचारिक शिक्षा या नियमित रोजगार में नहीं रहने वाले युवाओं का सर्वेक्षण कार्य विभिन्न गांव में जाकर परसदा, बेमचा, परसाडीह ,मचेवा ,बेलसोंडा, तुमगांव, बरोंडा बाजार ,पीटियाझर , साराडीह ,भोरिंग जैसे आसपास के अनेक गांव के घर - घर जाकर अशिक्षित बेरोजगार की जानकारी एकत्रित कर रहे हैं जिसमें परिवार की स्थिति, औपचारिक शिक्षा में ना होने का कारण, उनकी वैवाहिक स्थिति, आर्थिक स्थिति, व्यवसाय की योजना इत्यादि की जानकारी एकत्रित कर रहे हैं। इस सर्वेक्षण कार्य में महाविद्यालय के स्वयंसेवक मुस्कान साहू, झरना साहू ,दीपा साहू ,सना बानो, जानू परवीन, कल्पना, सुल्ताना, भगवती देवांगन, कावेरी साहू, रीना साहू,स्वाति शर्मा, श्रद्धा तिवारी, मीनाशी साहू, भुनेश्वरी एवं अन्य स्वयंसेवक मिलकर यह सर्वेक्षण कार्य पूर्ण कर रहे हैं।





रविवार 21 मई 2023

**रासेयो स्वयंसेवकों ने नियमित रोजग**
**ना रहने वालों का सर्वेक्षण किया**

धमतरी ( प्रखर )। राष्ट्रीय सेवा योजना पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर के निर्देशानुसार कार्यक्रम समन्वयक डॉ एल,एस गजपाल व जिला धमतरी संगठक डॉ ए.एस.साहू के मार्गदर्शन में धमतरी जिला में औपचारिक शिक्षा या नियमित रोजगार में नहीं रहने वाले युवाओं का सर्वेक्षण कार्य एनएसएस द्वारा किया जा रहा है।

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भोथली के प्राचार्य संयोगिनी रामटेके व कार्यक्रम अधिकारी गणेश प्रसाद साहू, मंजूषा

स्वयंसेवक पूरे उत्साह के साथ बेरोजगार युवक-युवतियों से मिलकर उनकी शिक्षा व्यवसाय वैवाहिक स्थिति आय के साधन आगामी व्यवसाय परिवार के कार्य बैंक लोन की स्थिति भविष्य की कार्य योजना

महिलाओं को जा रही है। डाकघर खाता खोलने हेतु रहा है। इस सर्वे रामखेलावन, भावे राम, हामिद, जगेन्द्र






पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर द्वारा लिए गये गोदग्राम मचेवा में प्राथमिक विद्यालय के छात्र–छात्राओं को रेडक्रास सोसायटी एवं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई शासकीय माता कर्मा कन्या मह.ाविद्यालय, महासमुंद के सहयोग से स्कूल शूज का वितरण 11 अप्रैल, 2023 को किया गया।




# स्कूल के जुते वितरण किये गए




**महासमुंद ट्रैक सीजी गौरव** चंद्राकर/शासकीय माता कर्मा कन्या महाविद्यालय महासमुंद में राष्ट्रीय सेवा योजना एवं यूथ रेड क्रॉस इकाई के संयुक्त तत्वाधान में दिनांक 11 अप्रैल 2023 को प्राथमिक शाला मचेवा के छात्र–छात्राओं को स्कूल के जुते वितरण किये गए। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य

के बच्चों की समस्या
अवसर प्राप्त हुआ, वि
आवश्यकताएं जैसे ड्रेस
देखकर डॉक्टर सरस्वती
प्राचार्य के समक्ष इस कार्य
जिसमें यूथ रेडक्रा
कार्यक्रमअधिकारी डॉक्ट
के साथ मिलकर दानदात
राशि जमा कर बच्चों
व्यवस्था बनाई। इस अ
शाला की शिक्षिका श्री
उपस्थित थे।महाविद्यालय द्वारा
सहयोग के लिए उन्होंने धन्यवाद
के लिए सहयोग राशि के रूप
प्राचार्य डॉक्टर शीलभद्र कुमार
जोशी, सहायक प्राध्यापक डॉ
सहायक प्राध्यापक डॉ स्वेतलाना

पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर द्वारा लिए गये गोदग्राम मचेवा में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई शासकीय माता कर्मा कन्या महाविद्यालय, महासमुंद के माइक्रोबायोलाजी विभाग के संयुक्त तत्वाधान में स्व–सहायता समूह की महिलाओं को मशरूम उत्पादन के विषय में निःशुल्क प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण का सकारात्मक परिणाम यह रहा है कि वर्तमान में समूह की महिलांए छोटे पैमाने पर मशरूम उत्पादन कर रही है। इसे धीरे–धीरे विस्तारित रूप प्रदान किया जाना है।









**गांव की महिलाओं को मशरूम उत्पादन का प्रशिक्षण दिया गया**

**महासमुंद ट्रैक सीजी गौरव चंद्राकर/** शासकीय माता कर्मा कन्या महाविद्यालय महासमुंद में सूक्ष्म जीव विज्ञान विभाग द्वारा महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए नयूनतम निवेश से मशरूम उत्पादन के लिए इनक्यूबेशन सेंटर के अंतर्गत के द्वितीय चरण में महाविद्यालय की छात्राओं ने साराडीह ?गॉंव की महिलाओं को मशरूम उत्पादन प्रशिक्षण दिया। इस कार्यक्रम में कुमारी तोषण साहू लेखनी चंद्राकर भाग्यलक्ष्मी दीवान कुमारी वेनू पटेल ने

महिलाओं को मशरूम उत्पादन के संबंध में जानकारी प्रदान की जिसमें धान की पैरा कुट्टी को रसायनिक विधि से उपचारित करना मशरूम के बीच एवं कोटि से बैग तैयार करना तथा 25 दिन के उपरांत तैयार बेग से मशरूम कि तुडाई से संबंधित

ताकि अपना एवं परिवार का सहयोग कर सकें। डॉ नाग ?ल ने कार्यक्रम एक तरफ शिक्षित ग्रामीण परिवेश में स्वरोजगार के









# राष्ट्रीय सेवा योजना : प्री. आर. डी चयन कार्यक्रम

रासेयो. के स्वयंसेवको का पूर्व गंणतत्र दिवस परेड विश्वविद्यालय स्तरीय चयन का आयोजन किया गया। चयन में विश्वविद्यालय से 03 छात्र और 03 छात्राओं का चयन किया गया । चयनित स्वयंसेवकों ने बिलासपुर में आयोजित पूर्व गंणतत्र दिवस परेड शिविर में सहभागिता किया।





राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक एवं कार्यक्रम अधिकारियों द्वारा राष्ट्रीय स्तर और राज्य स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्षन करते हुये रासेयो का राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय सम्मान प्राप्त कर विष्वविद्यालय एवं क्षेत्र के गौरव को बढाया है। राज्य स्तरीय सम्मान 2021–2022 (प्रदत्त वर्ष 2023) प्राप्त कर विश्वविद्यालय के गौरव को बढ़ाने वाले संस्था, कार्यक्रम अधिकारी एवं स्वयंसेवक निम्नानुसार है :–

1. संस्था स्तर : डॉ. भीमराव अंबेडकर शासकीय महाविद्यालय, बलौदा को श्रेष्ठ संस्था 2021–22 के रुप में सम्मानित किया गया।

2. कार्यक्रम अधिकारी स्तर : श्री अजय कुमार राजा शासकीय महाप्रभु वल्लाभाचार्य महाविद्यालय, महासमुंद को महाविद्यालय कार्यक्रम अधिकारी स्तर 2021–22 के रुप में सम्मानित किया गया।

2. स्वंय सेवक स्तर : सत्र 2021–22 के श्रेष्ठ स्वंय सेवक के रुप में निम्न को सम्मानित किया गया।

1. श्री महेन्द्र कुमार साहू शास. बाबू छोटे लाल श्रीवास्तव स्नात. महाविद्यालय, धमतरी।
2. श्री फलेन्द्र कुमार विश्वविद्यालय अध्ययन शाला इकाई पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर।
3. कु. देविका बघेल सर्वोदय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, धमतरी।



श्रेष्ठ स्वयंसेवक का पुरस्कार प्राप्त करते हुए श्री फलेन्द्र कुमार

## कुरूद कॉलेज में निःशुल्क कोरोना टीकाकरण शिविर हुआ



**कुरूद.** संत गुरु घासीदास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुरूद में निःशुल्क कोरोना टीकाकरण शिविर का आयोजन प्राचार्य डॉ. ओपी चंद्राकर के मार्गदर्शन में किया गया. कार्यक्रम का आयोजन रासेयो इकाई, इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी एवं रेडरिबन क्लब, संतगुरु घासीदास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुरूद के संयुक्त तत्वाधान में किया गया, जिसमें महाविद्यालय के अधिकारी-कर्मचारी, छात्र-छात्राओं एवं भूतपूर्व छात्रों सहित कुल 102 लोगों ने टीका लगवाया. कार्यक्रम में प्रमुख रुप से महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. डीके राठौर, भूगोल विभाग के विभागाध्यक्ष एमएस साहू, समाजशास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. सुनीता अग्रवाल, जैव प्रौद्योगिकी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. तरुण कुमार पटेल, ग्रंथालय प्रमुख श्रीआर देवांगन, यूथ रेडक्रॉस के ब्लॉक काउंसलर हितनारायण टण्डन, रासेयो कार्यक्रम अधिकारी विजय कुमार एवं रेणु पाटले, डॉ. विक्रम सिंह सहित अन्य प्राध्यापकगण उपस्थित रहें.

पर्यावरण के संतुलन को बनाए रखने के लिए वृक्षारोपण जरूरी

## शासकीय महाविद्यालय बलौदा में पौधरोपण कार्यक्रम



हरिभूमि

रायपुर - महासमुंद भूमि
11 Sep 2022

## मतदाता परिचय पत्र बनाने के लिए छात्रों को दिया गया मार्गदर्शन



**महासमुंद।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी निलेश कुमार क्षीरसागर के निर्देशानुसार एवं जिला संगठक रासेयो जिला महासमुंद व स्वीप जिला नोडल अधिकारी महासमुंद डॉ मालती तिवारी एवं प्राचार्य डॉ अनुसुइया अग्रवाल के मार्गदर्शन में तथा अजय कुमार राजा कार्यक्रम अधिकारी पुरुष इकाई व राजेश्वरी सोनी कार्यक्रम अधिकारी महिला इकाई के नेतृत्व में 10 सितंबर 2022 को शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना संयुक्त इकाई द्वारा स्वीप प्लान कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य नए मतदाताओं को जिनका 18 वर्ष पूर्ण हो गया, हो ऐसे छात्रों को मतदाता परिचय पत्र बनाने के लिए मार्गदर्शन प्रदान किया गया।

कार्यक्रम में उपस्थित डॉ मालती तिवारी जिला संगठक रासेयो द्वारा स्वीप प्लान के बारे में सभी विद्यार्थियों को विस्तार से अवगत कराया। प्रत्येक वर्ष 1 जनवरी, 1 अप्रेल, 1 जुलाई एवं 1 अक्टूबर की तिथि में जिनका 18 वर्ष पूर्ण हो गया है, ऐसे छात्र-छात्रों को फॉर्म 6 भरकर मतदाता परिचय पत्र में नाम जुड़वा सकते हैं। कार्यक्रम में उपस्थित महाविद्यालय प्राचार्य डॉ अनुसुइया अग्रवाल द्वारा नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए शासन के इस कार्य में सक्रिय रूप से आप सहभागिता देवें और आप यदि 18 वर्ष के हो गए है तो लोकतंत्र के जिम्मेदार नागरिक बन चुके है और आपकी जिम्मेदारी और कर्तव्य है की आप वोटर आईडी बनवाने के लिए गंभीर हो जाएं इसके बारे में अवगत कराने के लिए छात्र छात्राओं से आव्हान किया। कार्यक्रम में उपस्थित अजय कुमार राजा कार्यक्रम अधिकारी पुरुष इकाई द्वारा ऑनलाइन माध्यम से भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट में अपना नाम जुड़वा सकते हैं, जिनका वोटर आईडी बन चुका है उनको आधार कार्ड से लिंक करने के लिए आव्हान किया। आभार प्रदर्शन राजेश्वरी सोनी कार्यक्रम अधिकारी महिला इकाई द्वारा किया गया। इस स्वीप प्लान कार्यक्रम में स्वयंसेवक पूर्णिमा साहू, मनोज देवांगन, नीलकंठ पटेल, लोकेश सेन एवं सभी महाविद्यालयीन छात्र-छात्राएं उपस्थिति रहे। संचालन स्वयंसेवक प्रकाशमणि साहू द्वारा किया गया।

## गुरु के बिना लक्ष्य की प्राप्ति नहीं हो सकती



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंवरी

■ छग महतारी महाविद्यालय में शिक्षकों का किया सम्मान

छग महतारी महाविद्यालय भखारा में रासेयो के स्वयंसेवकों एवं महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा शिक्षक सम्मान समारोह का कार्यक्रम आयोजित किया गया।

मुख्य वक्ता संस्था प्रमुख डॉ. एसके साहू प्राचार्य व प्रो. एसआर बघेल, प्रो. एमएस साहू, प्रो. टीके साहू, प्रो. डीके साहू, प्रो. मीनाक्षी पटेल, प्रो. उषा साहू, प्रो. देवानंद चक्रधारी, प्रो. एमेश्वरी डीडी, कार्यालय सहायक सोमेश्वर मौर्यवंशी एवं चेतना साहू थे।

संस्था प्रमुख ने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जीवन में हर मनुष्य को गुरु की आवश्यकता पड़ती है और बिना गुरु के हम अपने लक्ष्य पथ की ओर आगे नहीं बढ़ सकते। डॉ एसके साहू ने कहा कि सतगुरु की महिमा अनंत है। कार्यक्रम में आलोक, गीतांजलि, युवरानी, हीरा, मोती, अलका, दामिनी, दामिनी, धनेश्वरी समेत अनेक छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

दैनिक भास्कर

धमतरी 28-11-2022

स्पर्धा • स्थानीय दाऊ कल्याण सिंह सोनवानी महाविद्यालय जीजामगांव में किया गया आयोजन, आसपास के स्कूलों से पहुंचे बच्चे

## 2 दिनी अंतर विद्यालयीन क्रीड़ा प्रतियोगिता का हुआ समापन, कबड्डी में जीजामगांव की टीम रही प्रथम



दूसरे दिन विजेताओं को दिए गए पुरस्कार

## सिलौटी स्कूल में संविधान के उद्देशिका का वाचन कर ली शपथ



**धमतरी ( प्रखर )।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिलौटी में सविधान दिवस के पावन पर्व पर संविधान के उद्देशिका का वाचन कर शपथ ली गई। इसके पश्चात संविधान पर क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सभी छात्र छात्राओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया जिसमें कक्षा दसवीं का ग्रुप प्रथम, कक्षा बारहवीं गणित के छात्र ग्रुप ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। अंत में विजेता प्रतिभागियों को संस्था प्रमुख वी. के. सिन्हा एवं वरिष्ठ शिक्षकों ने सम्मानित किया। ए के यादव ने भारतीय संविधान के संबंध में संक्षिप्त उद्बोधन दिया। कार्यक्रम का संचालन एस. के. जैन ने किया। इस अवसर पर स्काउट प्रभारी एस के ध्रुव, ईको क्लब प्रभारी सी पी साहू, बी.पदमा राजेश, एन. आर. साहू, एच आर साहू एवं आर. पोर्ते मेडम उपस्थित रहे।

## बलौदा कॉलेज स्वीप के तहत विविध कार्यक्रम




शंकर लहरे

**बलौदा( समय दर्शन )।** सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रिकरण अधिकारी सरायपाली के निर्देशानुसार डॉ भीमराव अम्बेडकर शासकीय महाविद्यालय महाविद्यालय बलौदा में स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत रासेयो इकाई द्वारा मतदाता जागरूकता रैली ,रंगोली,पोस्टर व स्लोगन लेखन का आयोजन किया गया। जागरूकता रैली में महाविद्यालय के स्वयं सेवकों द्वारा गली गली भ्रमण कर मतदान हेतु जनता को प्रेरित किया गया तथा आकर्षक रंगोली व पोस्टर बनाये गए। महाविद्यालय में इलेक्टोरल लिटरेसी क्लब के गठन किया गया जिसमें 10 सदस्यों का मनोनयन किया गया मुनिली बारीक अध्यक्ष, चंद्रहास बाघ उपाध्यक्ष, रेणुका बारीक सचिव बने। सभी सदस्यों को रासेयो कार्यक्रम अधिकारी कमला दीवान द्वारा कर्तव्य बोध कराया गया। 26 नवम्बर को संविधान दिवस के अवसर पर इतिहास के सहायक प्राध्यापक रमेश पटेल द्वारा इसकी ऐतिहासिक पृष्ठ भूमि पर प्रकाश डाला गया तथा प्राचार्य अनिता पटेल द्वारा संविधान की उद्देशिका पढ़कर शपथ दिलवाया गया व शासन द्वारा जारी क्विज और उद्देशिका पठन लिंक सभी छात्रों द्वारा भरकर ई प्रमाण पत्र प्राप्त किया गया।उकाशय की जानकारी सहायक प्राध्यापक गजानन्द नायक ने दी।

## पलारी महाविद्यालय में आत्महत्या रोकथाम कार्यशाला का आयोजन



**बलौदाबाजार, 9 सितंबर ( देशबन्धु )।** शा. कुंजलाल वर्मा महाविद्यालय पलारी में विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस के अवसर पर जिला अस्पताल बलौदाबाजार के टीम ने कार्यशाला आयोजित कर बताया कि वर्ल्ड सुसाइड प्रिवेंशन डे विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस लोगों में मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाने और आत्महत्या के बढ़ते मामलों को रोकने के लिए मनाया जाता है। इस दिन को मनाने की शुरुआत 10 सितंबर 2003 को इंटरनेशनल एसोसिएशन फॉर सुसाइड प्रिवेंशन और विश्व स्वास्थ्य संगठन ने मिलकर एक बहुत ही महत्वपूर्ण संदेश ' आत्महत्याओं को रोका जा सकता है' देने के लिए की थी। विश्व स्वास्थ्य संगठन के आंकड़ों के अनुसार हर 40 सेकेंड में एक व्यक्ति आत्महत्या करता है।

कार्यक्रम में उपस्थित चिकित्सकों ने बताया कि हर साल लगभग 8 लाख से ज्यादा लोग आत्महत्या कर लेते हैं। जबकि इससे भी अधिक संख्या में लोग आत्महत्या की कोशिश करते हैं। यह स्थिति बहुत डराने वाली है। इससे पता चलता है कि आज के टाइम में लोगों में कितना ज्यादा मानसिक तनाव है। इस डेटा के मुताबिक दुनियाभर में 80 फीसदी आत्महत्या निम्न और मध्यवर्ग वाले देशों के लोग करते हैं। इस दिवस को स्वास्थ्य संगठन और मानसिक स्वास्थ्य फेडरेशन द्वारा को -स्पॉन्सर किया जाता है। युवा वर्ग के लोग आत्महत्या जैसे घातक कदम ज्यादा उठाते हैं। इसकी कई वजह होती है जैसे पढ़ाई का प्रेशर, करियर प्रॉब्लम्स और खराब होते रिश्ते भी इसकी एक मुख्य वजह है। समाज में महिलाओं द्वारा आत्महत्या का प्रयास ज्यादा किया जाता है, जिसमें दहेज जैसी कुप्रथा भी एक बड़ी वजह है।

सुसाइड कमिट करने की दर पुरुषों की ज्यादा है। बच्चे भी इसकी चपेट में आने लगे हैं। इसको रोकने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। लोगों में जागरूकता मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाकर आत्महत्या जैसे मामलों को काफी हद तक रोका जा सकता है। मानसिक अवसाद होने पर तुरंत चिकित्सक से संपर्क करना चाहिए।कार्यशाला में महाविद्यालय पलारी रासेयो कार्यक्रम अधिकारी वीरेंद्र सारंग, कोमल कुमार व सक्रिय छात्र छात्रों में दीपक वर्मा, गेंदराम, टिकेश्वर, उर्वशी, आरती पूजा, योगेश, ओम, साहिल, अजय आदि छात्र छात्राएं कार्यक्रम में उपस्थित थे।

नवभारत
छत्तीसगढ़ • ओडिशा

Dhamtari - 06 Feb 2023 - 06dmt3
epaper.navabharat.news

## श्रेष्ठ स्वयंसेवक से सम्मानित हुए फलेंद्र



**कुरूद।** विश्वविद्यालय अध्ययन शाला पं. रविशंकर शुक्ल विवि रायपुर के रासेयो के स्वयंसेवक फलेंद्र साहू को उनकी उत्कृष्ट समाज सेवा को मान्यता प्रदान करते हुए उच्च शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ शासन की रासेयो ने 2021-22 के राज्य स्तरीय श्रेष्ठ स्वयं सेवक पुरस्कार से सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह कृष्णा कालेज दुर्ग में आयोजित हुआ। फलेंद्र साहू ने घुमंतू बच्चों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए रेलवे क्षेत्र और स्लम एरिया में जाकर उन्हें जागरूक करने का प्रयास किया। विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम जैसे स्वच्छ भारत अभियान, जेंडर संवेदीकरण, पौधारोपण, सड़क सुरक्षा, पल्स पोलियो अभियान, एड्स जागरूकता, रक्तदान अभियान, मतदाता जागरूकता अभियान, कोरोना टीकाकरण अभियान, नशा मुक्ति अभियान, जल शक्ति अभियान में बढ़-चढ़कर सहभागिता की। स्वयंसेवक के रूप में राष्ट्रीय, राज्कीय एवं क्षेत्रीय कार्यक्रमों में प्रतिनिधित्व किया था। उक्त सम्मान के तहत फलेंद्र को प्रशस्ति पत्र और 10 हजार राशि के साथ सम्मानित किया गया। फलेंद्र को 2019 में गुरुघासीदास विश्वविद्यालय के द्वारा बेस्ट इंटर्न पुरस्कार एवं 2019 में राज्यपाल के हाथों से सम्मानित हुआ है। 2021 में प्रदेश की सामाजिक सांस्कृतिक संस्था कला मंच से पर्यावरण मित्र सम्मान एवं 2022 में पं रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के उत्कृष्ट छात्र से सम्मानित किया जा चुका है। इस पुरस्कार के लिए यूटीडी इकाई, समाजशास्त्र-समाजकार्य विभाग, वरिष्ठ स्वयंसेवक प्रतीक गुप्ता, उज्जवल साहू, दीपक साहू, सत्येंद्र साहू, कौशल गजेंद्र, हितेश तिवारी, सुमित पटेल, टकेश्वर साहू, संजय साहू अभिषेक साहू विकास साहू, कलाराम साहू, मोरेश साहू, अमर, लोकेश पटेल, सूर्यकांत देवांगन, पुरुषोत्तम अमित ठाकुर, निरंजन साहू, खेमराज, कावेरी साहू, चंद्रकांत साहू, दामिनी, आनंदी, प्रियंका गिरी, दीपनारायण, सूरज, श्रीकांत गंगाधर ने बधाई दी है।